हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 दिसंबर, 2025

11 राजस्व विभाग में रिक्त पदों से किसानों में रोष



12 जीवन में प्रकाश करती है 'गीता': महंत चरण दास



## खबर संक्षेप

### बिजली सब स्टेशन शुरू बेहतर होगी आपूर्ति

**बाढड़ा।** कस्बे के जुई रोड स्थित केवी नवनिर्मित बिजली सब स्टेशन का बिजली निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुभारंभ किया। इससे अब शहर को अलग से आपूर्ति सुविधा उपलब्ध रहेगी जिससे कस्बे के उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। बिजली निगम के 132 केवी सब स्टेशन के मौजूदा भवन के साथ ही विभाग ने लगभग दो करोड़ की लागत से केवी सब स्टेशन का निर्माण किया है, जिसका 24 जुलाई को झोझूकलां में सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा उद्घाटन किया गया था। बिजली आपूर्ति की लाइनों के जुड़ाव के बाद इसने काम शुरू कर दिया है।

### 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**चरखी दादरी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरमैन नरेश कुमार के मार्गदर्शन में तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इस अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना दावे, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, जमानती फौजदारी केस, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिल संबंधी विवाद, राजस्व मामले आएंगे।

### ढाना लाडनपुर में सत्संग और भंडारा कल

**भिवानी।** संत रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट व नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गांव ढाना लाडनपुर में 4 दिसंबर को पूर्णिमा सत्संग एवं भंडारे का आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व वाला विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संत रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट के चेयरमैन दलबीरानंद महाराज व नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने बताया कि गांव ढाना लाडनपुर में 4 दिसंबर को पूर्णिमा सत्संग दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एवं भंडारा दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में महंत राजेश्वरानंद और दलबीरानंद महाराज का सानिध्य होगा।

### ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए 6 तक करें आवेदन

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार ने ऊर्जा संरक्षण को एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में पहचाना है और इस संबंध में कई पहल की गई है। इनमें से एक पहल उन औद्योगिक, वाणिज्यिक, सरकारी भवनों, शैक्षणिक और प्रौद्योगिकी में नवाचार अपनाने वाले उपभोक्ताओं को पुरस्कार देना है जिन्होंने बिजली या अन्य ईंधन बचाने के लिए अपने भवनों, इकाइयों में विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाने में उत्कृष्टता हासिल की है। अतिरिक्त उपायुक्त दीप बाबुलाल करवा ने बताया कि राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## बस पास विवाद में प्राइवेट बस एसोसिएशन ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, कहा

# निजी बस वालों को पास के बदले नहीं मिलता भुगतान, तो छूट क्यों दें

**मांगपत्र में एसोसिएशन ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड प्रणाली का दिया सुझाव**



भिवानी। उपायुक्त को मांगपत्र सौंपने जाते निजी बस संचालक। फोटो : हरिभूमि

- मांग- पहले की तरह रोडवेज पास केवल रोडवेज बसों तक सीमित रखने के स्पष्ट आदेश फिर से जारी करे विभाग
- उपायुक्त ने दिया आश्वासन : कोर्ट के फैसले तक निजी बस ऑपरेटरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50 प्रतिशत रियायती बस यात्रा पास को लेकर पिछले कुछ दिनों से निजी बस ऑपरेटरों और यात्रियों के बीच चल रहे तनातनी के माहौल में मंगलवार को एक अहम मोड़ आया। स्टेज कैरिज प्राइवेट बस वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. धन सिंह के नेतृत्व में भिवानी के उपायुक्त से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस मुलाकात के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट आश्वासन दिया है कि चूंकि यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए किसी भी निजी बस ऑपरेटर के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। ज्ञापन के माध्यम से निजी बस ऑपरेटरों ने प्रशासन के समक्ष मांग रखी कि परिवहन विभाग स्पष्ट आदेश जारी करे कि रोडवेज पास केवल रोडवेज बसों तक सीमित है। गलत और भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर कार्रवाई हो, जनप्रतिनिधि और अधिकारी बिना पुष्टि के बयानबाजी से बचें ताकि अनावश्यक तनाव और आर्थिक नुकसान न हो। गलतफहमी के कारण हुई शिकायतों को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। एसोसिएशन ने उपायुक्त को अवगत कराया कि पिछले दिनों गांव निनान में उनके रात्रि प्रवास के दौरान कुछ मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत रिपोर्टिंग की गई। यह प्रचारित किया गया कि रोडवेज के रियायती पास निजी बसों में भी मान्य होंगे। इस सूचना के कारण बस स्टैंड और यात्रा के दौरान परिचालकों और यात्रियों के बीच आए दिन विवाद, बहसबाजी और अभद्रता की घटनाएं सामने आ रही थीं।

**सरकार पास के बदले में नहीं करती भुगतान**

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. धन सिंह ने प्रशासन के सामने आरटीआई दस्तावेज, परिवहन विभाग व आरटीए कार्यालय के आदेश और पास संबंधी शर्तें रखीं। उन्होंने तकनीकी और कानूनी पक्ष रखते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के हरियाणा रोडवेज द्वारा जारी पास पर स्पष्ट लिखा होता है कि यह केवल सामान्य रोडवेज बसों में मान्य है। उन्होंने कहा कि सरकार रोडवेज पास के बदले रोडवेज विभाग को भुगतान करती है तथा इसी तरह का प्रावधान प्राइवेट बस संचालकों के लिए है। किंतु आज तक पास के बदले में भुगतान नहीं किया गया है।

**केस विचाराधीन**

सभी तथ्यों और दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद उपायुक्त ने माना कि यह विषय कानूनी पेच में फंसा है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जब तक न्यायालय का फैसला नहीं आता, निजी बस संचालकों पर दबाव नहीं बनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने आरटीए सचिव को निर्देश जारी करने की बात कही ताकि जमीनी स्तर पर हो रहे विवादों और गलतफहमियों को तुरंत रोका जा सके।

**यह दिया सुझाव**

समस्या के स्थायी समाधान के रूप में एसोसिएशन ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) प्रणाली का सुझाव दिया। उनका कहना है कि सरकार को सभी लाभार्थियों को एनसीएमसी कार्ड जारी करने चाहिए। इससे यात्री जिस बस में सफर करेगा, उसका किराया कार्ड के जरिए सीधे संबंधित विभाग से समायोजित हो जाएगा। ज्ञापन देने के समय जिला भिवानी के प्रधान दिनेश कुमार पंडित, राजेश, सोमबीर श्योराण, जगपाल घनघस, विजयपाल इत्यादि बस संचालक मौजूद रहे।

## एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम पहुंची

# सड़क निर्माण में धांधली की शिकायत पर जांच

- एडवोकेट प्रवीण तक्षक ने दादरी कनीना की नवनिर्मित सड़क पर उठाए थे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

दादरी-कनीना नवनिर्मित सड़क के निर्माण कार्य में हो रही अनियमितताओं को लेकर अधिवक्ता प्रवीण तक्षक की शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने त्वरित संज्ञान लिया है। शिकायत के आधार पर एसीबी की टीम भैरवी स्थित एक कॉलेज में पहुंची, जहां अधिवक्ता प्रवीण तक्षक के बयान दर्ज किए गए। टीम के एसीबी स्तर के अधिकारियों ने कहा कि मामले में तकनीकी पहलुओं की गहन जांच करवाई जाएगी, ताकि निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति सामने लाई जा सके।

ज्ञात रहे कि गांव भागवी निवासी प्रवीण तक्षक द्वारा दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया था कि दादरी से वाया चिड़िया से कनीना रोड का निर्माण कार्य निम्न स्तरीय मानकों के साथ किया जा रहा है। पुरानी सड़क को उखाड़कर उचित ग्रेडिंग से रिसाइक्लिंग करने के बजाय, केवल 5-6 इंच मोटी मिट्टी डालकर कार्य पूरा किया जा रहा है। कई स्थानों पर सड़क को पूरी तरह उखाड़ दिया गया है, लेकिन उसके बाद निर्धारित मिश्रण का प्रयोग नहीं किया गया। जीएसबी की परत निर्धारित जॉब मिक्स फॉर्मूला के अनुसार नहीं डाली गई और बड़े-बड़े 100-200 एमएम तक के पत्थर डाले गए हैं। सड़क की ऊपरी परत में भी मात्र थिकनेस दिखाने के उद्देश्य से औसत गुणवत्ता का मैटीरियल प्रयोग किया गया। कुछ गांवों में पूर्व में डाली गई सीसी परत पर दोबारा सीसी बिछा दी गई, जिसमें भी सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई। सड़क किनारे नालों के निर्माण में स्टील और सीमेंट की मात्रा नाम मात्र बताई जा रही है तथा निर्माण कार्य तय डिजाइन के अनुरूप नहीं है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि संबंधित निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग कर रही है, जिसके चलते निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ा है।

**निष्पक्ष एजेंसी से हो जांच**

प्रवीण तक्षक ने मांग की थी कि सड़क निर्माण के डिजाइन, सामग्री, ग्रेडेशन और फार्मूले की जांच किसी बड़ी एवं निष्पक्ष तकनीकी एजेंसी से करवाई जाए। साथ ही स्थानीय अधिकारियों को जांच से दूर रखने की अपील भी की गई है, ताकि पारदर्शी रूप से तथ्य सामने आ सकें। एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने शिकायतकर्ता को आश्वस्त किया है कि शिकायत में बताए गए सभी बिंदुओं की तकनीकी जांच करवाई जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पिंजोखरा के करण ने भोपाल में जीता रजत



तेशाम। नौकायन में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

मध्यप्रदेश के भोपाल में गत 26 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित आठवीं इंटर स्टेट चैलेंजर रॉविंग और 45वी जूनियर नेशनल रॉविंग चैंपियनशिप में तोशाम क्षेत्र के गांव पिंजोखरा निवासी करण सहारण ने रजत पदक हासिल किया है। जिस गांव तथा क्षेत्र में खुशी की लहर है। गांव पिंजोखरा के सरपंच प्रतिनिधि अंकित लांबा सहित विभिन्न गणमान्य लोगों ने होनहार खिलाड़ी करण सहारण कि इस उपलब्धि पर उसे बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 6 व 7 दिसंबर को होगा सांसद खेल महोत्सव

**भिवानी।** भीम स्टेडियम में छह और सात दिसंबर को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह छह दिसंबर को सुबह 9 बजे खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करेंगे। सांसद खेल महोत्सव के कोऑर्डिनेटर सुधीर चांदवास ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में कबड्डी नेशनल और हरियाणा स्टाइल, वॉलीबॉल स्मेसिंग, हॉकी और हैंडबॉल प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें महिला और पुरुष दोनों टीमें शामिल हैं। पुरुष के बीच रस्साकशी का खेल भी होगा। उन्होंने बताया कि खेलों में 100 मीटर, 400 और मीटर 1500 मीटर दौड़ होगी। इसके अलावा अन्य मुकाबले भी होंगे।

# इंग्लैंड में विजय हत्याकांड पर सुनवाई आज

- आठ दिन पहले साथियों ने की थी विजय की हत्या, अब शव लाने का प्रयास
- परिजनों से मिला कांग्रेसियों का प्रतिनिधिमंडल, दीपेन्द्र हुड्डा ने लोकसभा में मामला उठाने का भरोसा दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

गांव जगरामबास निवासी विजय कुमार की इंग्लैंड में निर्मम हत्या के आठ दिन गुजरने के बाद भी वहां से शव आने को हरी झंडी नहीं मिल पाई है। बुधवार को इंग्लैंड की स्थानीय कोर्ट से परिजनों को राहत मिल सकती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व फोरेंसिक विभाग की रिपोर्ट के मिलान के बाद इंग्लैंड सरकार तय करेगी कि सरकार विजय के शव को भारत भेजेगी या दोबारा पोस्टमार्टम के लिए शव को और रोका जाएगा। इस पर अभी संशय बना हुआ जो बुधवार दोपहर बाद खत्म होगा। इसके बाद भी शव आने में कई और दिन लग सकते हैं। आठ दिन गुजरने के बावजूद विदेश मंत्रालय द्वारा उनके साथ या इंग्लैंड दूतावास द्वारा कोई संपर्क या मदद नहीं करने पर एक एक पल गुजार रहे स्वजनों में रोष बना हुआ है। वहीं पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण की अगुवाई में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा के द्वारा लोकसभा के माध्यम से विदेश मंत्रालय के समक्ष मामला उठाने का भरोसा दिया है। गांव जगरामबास निवासी भूतपूर्व सैनिक सुरेन्द्र सिंह के दूसरे पुत्र विजय कुमार की इंग्लैंड में उसके ही साथियों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई थी। शव को इंग्लैंड में पोस्टमार्टम के बाद सुरक्षित रख दिया गया है। वहीं घटना की जानकारी गांव में पहुंचते ही मातम का माहौल बना हुआ है। मृतक के भाई रवि को वहां की पुलिस द्वारा दी जानकारी के अनुसार विजय पर हमला करने के शक में पांच युवकों को हिरासत में लिया गया था जिनको बाद में पासपोर्ट जब्त करके जमानत पर छोड़ दिया है।

**विदेश में 11 लाख एकत्रित किए**

गांव जगरामबास निवासी विजय श्योराण की इंग्लैंड में घटित हत्याकांड में जहां वहां पर जांच चल रही है वहीं विदेशों में सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्थाओं ने अपने स्तर पर मुहिम शुरू कर शव लाने का प्रयास शुरू कर दिया है। वहीं विजय श्योराण के पिता भूतपूर्व सैनिक सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि लागत राशि वह खुद दे देंगे पर उनके पुत्र का शव जल्दी से जल्दी भेजना चाहिए। विदेशों में किसी न किसी समस्या का सामना करने वाले लोगों की मदद करने में अग्रणी रहने वाली एनआरआई संगीता दहिया द्वारा शुरू की मुहीम में अब तक कई लोगों ने ऑनलाइन मदद में भागीदारी करते हुए लगभग 11 लाख रुपए जमा किए हैं जो मृतक विजय की बहन सोनिका के खाते में जमा करवा दिया गया है।

# रैन बसेरों पर रहें ठंड से बचने के इंतजाम : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिला प्रशासन द्वारा शीत लहर के दौरान प्रभावी प्रबंधन के लिए बहु-क्षेत्रीय और समन्वित कार्ययोजना लागू की गई है। इसका उद्देश्य जनजीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना, ठंड से होने वाली बीमारियों एवं मृत्यु के जोखिम को कम करना तथा कमजोर वर्गों को आवश्यक राहत प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि शीत लहर के संभावित प्रभावों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि ठंड से संबंधित बीमारियों जैसे हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट के उपचार के लिए पर्याप्त दवाओं, कंबलों एवं हीटिंग उपकरणों की व्यवस्था की जाए। एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी समुदाय स्तर पर सक्रिय रहकर जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से वृद्धजनों, बच्चों तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों की देखभाल और ठंड से सुरक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि पशुपालन विभाग को भी पशुओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने को कहा गया है। सभी पशु आश्रयों में पर्याप्त चारा, स्वच्छ पानी, गर्म बिस्तर तथा आवश्यक टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है ताकि पशुधन को ठंड के प्रभाव से बचाया जा सके।

**शीत लहर से बचाव के दिए निर्देश**



उपायुक्त डॉ.. मुनीश नागपाल ने बताया कि प्रशासन ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे शीत लहर से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। पेयजल की उपलब्धता, अस्थायी आश्रयों, रैन बसेरों और सामुदायिक केंद्रों पर पर्याप्त कंबल, गर्म कपड़े, भोजन और दवाओं की व्यवस्था रहे।

## मरीजों से संवाद कर पुनर्वास संबंधी सुविधाओं को जांचा

# सीजेएम पवन कुमार ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

- नशा केवल एक व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का दुश्मन



भिवानी। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) कम सचिव पवन कुमार ने मंगलवार को जिले के नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने मरीजों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उनके इलाज, दिनचर्या, परामर्श सेवाओं तथा पुनर्वास संबंधी सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का दुश्मन है।

ऐसे में नशा मुक्ति केंद्रों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यहां नशे के आदी लोगों को सही दिशा और जीवन में नया दृष्टिकोण मिलता है।

सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि नशा मुक्ति केवल दवाइयों से संभव नहीं है बल्कि इसके लिए परामर्श, मानसिक मजबूती और परिवार का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने केंद्र में मौजूद चिकित्सकों और कर्मचारियों से उपचार प्रक्रिया की जानकारी ली और मरीजों की सुविधा व स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**मरीजों से की बात**

*निरीक्षण के दौरान कई मरीजों ने सीजेएम पवन कुमार से खुलकर बातचीत की और बताया कि नशे की वजह से वे कैसे समाज और परिवार से दूर हो गए थे। नशे के आदी व्यक्तियों ने सीजेएम को बताया कि नशे की लत से उनकी सोचने-समझने की क्षमता दिन-प्रतिदिन कम होती जाती है और जीवन अंधकार में आ जाता है। लेकिन केंद्र में उपचार और परामर्श मिलने के बाद अब वे खुद को पहले से अधिक आत्मविश्वासी महसूस कर रहे हैं और समाज की मुख्यधारा में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। एक मरीज ने कहा कि यदि यह केंद्र और यहां के डॉक्टर व काउंसलर न होते तो शायद वह कभी सामान्य जीवन में वापसी नहीं कर पाता। इसी तरह कुछ अन्य मरीजों ने भी अपनी आपबीती बातें साझा की और बताया कि कैसे नशा छोड़ने के बाद उन्हें जीवन की वास्तविक खुशी और परिवार का साथ दोबारा मिल रहा है। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि यदि समाज, प्रशासन और परिवार मिलकर प्रयास करें तो नशे जैसी गंभीर समस्या से पूरी तरह छुटकारा पाया जा सकता है। इस अवसर पर पीएमओ बलवान सिंह और नशा मुक्ति केंद्र स्टाफ मौजूद रहा।*

## पहल : लाइब्रेरी में पुस्तक संग्रह के साथ-साथ ई-बुक्स और ऑनलाइन शिक्षण सामग्री भी होगी

# तोशाम में बनेगी अत्याधुनिक तकनीक से डिजिटल लाइब्रेरी : श्रुति चौधरी

**विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को डिजिटल लाइब्रेरी में मिलेंगे अत्याधुनिक संसाधन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने जारी बयान में कहा कि तोशाम में हाईटेक ई लाइब्रेरी का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक से करवाया जाएगा। ई-लाइब्रेरी तैयार हो जाने पर यह पहल प्रदेश में आधुनिक अध्ययन सुविधाओं के नए युग की शुरुआत साबित होगी, जिससे इलाके के विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध होंगे। इस हाई-टेक ई-लाइब्रेरी में सैकड़ों विद्यार्थियों के एक साथ अध्ययन की क्षमता होगी। इसमें एयर-कंडीशन सुविधा, हाई-स्पीड इंटरनेट, फायर फाइटिंग सिस्टम, आरामदायक फर्नीचर, मेजेनाइन फ्लोर, ग्रुप डिस्कशन चेंबर्स और ऑडियो-विजुअल रूम जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। फिजिकल पुस्तकों के साथ-साथ डिजिटल लाइब्रेरी सेक्शन में ई-बुक्स और ऑनलाइन शिक्षण सामग्री भी उपलब्ध होगी। लाइब्रेरी में विशेष रूप से भारतीय इतिहास, संस्कृति, सामान्य ज्ञान, विज्ञान और समसामयिक विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

वहीं ऑडियो-विजुअल सेशन्स के माध्यम से छात्रों को भारतीय संस्कृति और इतिहास का संरचित अनुभव मिलेगा। परियोजना पूर्ण होने के बाद परिसर में गार्डन, कैंटीन और अन्य सुविधाओं का विकास भी किया जाएगा।

**पुराना तहसील परिसर में बनेगी**



उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के कुशल मार्ग दर्शन में तोशाम में युवाओं की बेहतर पढ़ाई के लिए डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी। जिसके लिए पुराना तहसील परिसर की जगह का चयन किया गया है। सिंचाई मंत्री ने आगे बताया कि तोशाम ओर आसपास क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल के लिए माइनरों की सफाई करवाकर स्वच्छ पानी डाला जा रहा है ताकि स्वच्छ जलापूर्ति करवाई जा सके और पेयजल की समस्या ना रहें।



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम'8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट'से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

## लाइफ Style



# एला


## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट हैं, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।


फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...


**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।

## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव


**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।



# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी

## तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया




फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

***नई दिल्ली।*** *बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुल हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोकाः चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शको के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

तहसील पर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन दूसरे दिन भी रहा जारी

# राजस्व विभाग में रिक्त पदों से किसानों में रोष

## एसडीएम को दो दिन में तालाबंदी का अल्टीमेटम, जिला प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

उपमंडल मुख्यालय पर राजस्व विभाग के तहसीलदार का पद रिक्त होने से पिछले डेढ माह से कामकाज बाधित होने से परेशान भाकियू की अगुवाई में नंबरदार एसोसिएशन, अधिवक्ता संघ, स्टांप वेंडर एसोसिएशन पदाधिकारियों द्वारा तहसील परिसर में संचालित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा एसडीएम से मुलाकात कर रिक्त पदों पर डीआरओ की बजाए स्थाई अधिकारी की नियुक्ति नहीं करने पर तहसील कार्यालय को तालाबंदी करने का अल्टीमेटम दिया। तहसील परिसर में भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अध्यक्षता में लगातार दूसरे दिन आयोजित बेमियादी रोष प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नंबरदार एसोसिएशन अध्यक्ष राजबीर हंसावास व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजीव श्योराण ने कहा कि पिछले चार माह से तहसीलदार का पद रिक्त होने से डीआरओ को अतिरिक्त कार्यभार देकर उनको परेशान किया जा रहा है। इससे राजस्व, भूमि संबधी केसों की सुनवाई तो दूर भूमि की रजिस्ट्री, किसान क्रेडिट कार्ड या अन्य प्रमाणपत्रों के लिए भी एक-एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन बाढड़ा उपमंडल के साथ हर मामले में सौतेला व्यवहार कर रहा है। पिछले एक माह से तो कभी पेपरलेस तो कभी डीआरओ के तबादले के कारण तहसील कामकाज पूरी तरह ग्रहण लग गया है लेकिन बार बार अपील के बावजूद किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिस पर दो बार सीएम, उपायुक्त व एसडीएम को ज्ञापन देने के बावजूद किसी भी तहसीलदार की स्थाई तैनाती नहीं होने से अब किसानों के सामने धरना देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा ने कहा कि सरकार बाढड़ा को उपमंडल बनाकर झूठी वाहवाही लूट रही है जबकी यहां पर एसडीएम से लेकर तहसीलदार, बीडीपीओ, एसडीओ के या तो पद रिक्त रहते हैं या फिर वह यहां पर बैठकर आमजन की समस्याएं सुनने की बजाए दादरी जिला मु यालय पर बैठकर समय बिता रहे हैं और जनता को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। नवंबर माह में एक भी किसान का क्रेडिट कार्ड, भूमि रजिस्ट्री नहीं होने से किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है लेकिन प्रशासन मौन साधे हुए हैं जो न्यायसंगत नहीं है। क्षेत्र के दस सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सोमवार से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरु करना पड़ रहा है। आंदोलनकारियों की मान मन्नौवल के लिए आए नायब तहसीलदार साहिल दलाल ने किसानों से शांति बरतने की बात कही को गुस्साए किसानों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बैरंग लौटा दिया तथा शाम को एसडीएम आशीष सांगवान से मुलाकात कर रिक्त पदों पर डीआरओ की बजाए स्थाई अधिकारी की नियुक्ति नहीं करने पर दो दिन बाद तहसील कार्यालय को तालाबंदी करने का अल्टीमेटम दिया।


बाढड़ा। तहसील कार्यालय परिसर के बाहर धरने पर बैठे किसान। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

उनके अलावा भाकियू महासचिव ओमप्रकाश उमरवास, अधिवक्ता अनिल मान, एडवोकेट उर्मिला देवी, एडवोकेट अशोक श्योराण, नंबरदार एसोसिएशन अध्यक्ष राजबीर हंसावास, अतर सिंह बाढड़ा, पूर्व सरपंच गिरधारी मोद, सतबीर बाढड़ा, कमलसिंह हड़ौदी, आनंद वालिया, राम अवतार लाड, अजय आर्य, रमेश कुमार, महेश शर्मा धनासरी आदि मौजूद रहे।


बाढड़ा। आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते अजय चौटाला।

# जजपा स्थापना दिवस रैली रचेगी इतिहास : अजय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

■ आमजन को जजपा स्थापना दिवस रैली का न्यौता दिया

पीएम नरेन्द्र मोदी के कुरुक्षेत्रा आगमन को लेकर उनकी आवाभगत के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने बीस करोड़ से अधिक पैसे तो खर्च दिए लेकिन वह हमारे प्रदेश के विकास के लिए एक भी पैसे की घोषणा नहीं करके गए जिससे जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। अपराध की श्रेणी हो या बेरोजगारी में प्रदेश नंबर एक के पायदान पर पहुंच गया है। जजपा की स्थापना दिवस पर ७ दिसंबर को जुलाना में आयोजित होने वाली रैली को लेकर प्रदेश की जनता में विशेष उत्साह बना हुआ है और भिवानी लोकसभा की सबसे अधिक भागीदारी होगी। यह बात उन्होंने जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने काकड़ौली हठ्ठी, गोपी, धनासरी, कादमा, माईकलां, बालरोड़ इत्यादि गांवों में ग्रामीणों को जजपा स्थापना दिवस रैली का न्यौता देते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग को धमकी देकर सरेआम फिरौती वसूल की जा रही है वहीं सीएम बार बार राग अलाप रहे हैं कि हमनें सुरक्षा कर्मी दे दिया जबकी अपराधियों पर किसी तरह की कार्यवाही से सरकार हिचक रही है। दुष्यंत सिंह चौटाला ने डिप्टी सीएम के पद पर रहते हुए किसान की फसलों की पर्याप्त बिक्री करवाने के अलावा ४८ घंटे में भुगतान सुनिश्चित करने के अलावा महिलाओं को पंचायतीराज, डिपो होल्डर में जि मेवारी देने के ऐतिहासिक फैसलें लिए लेकिन आज की सरकार केवल पूंजीपति व्यवस्था को लागू कर रही है।


चरखी दादरी। बैठक में जिला स्टीयरिंग कमेटी की बैठक लेते डीसी।

# निपुण लक्ष्यों को समय पर पूरा करें अधिकारी : डीसी

■ डीसी ने की निपुण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा

चरखी दादरी। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में चतुर्थ जिला स्टीयरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन स्टीयरिंग कमेटी सचिव व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में निपुण हरियाणा कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा और आगामी कार्य योजना को सुदृढ़ बनाना था। बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त डॉ. नागपाल ने जिले में निपुण लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के लिए एक मजबूत, प्रभावी और दैनिक-आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि खंड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में रेमेडियल प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करवाएं और यह सुनिश्चित करें कि कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों में अतिरिक्त अकादमिक सहयोग प्रदान किया जाए।

## खबर संक्षेप



### परिनिर्वाण दिवस पर बवानीखेड़ा में होगा कार्यक्रम

भिवानी। संविधान रचयिता डॉ. बीआर अम्बेडकर के परिनिर्वारण दिवस अवसर पर बवानीखेड़ा में कार्यक्रम आयोजित करके उनके पद्चिह्नों पर चलने का आह्वान किया जाएगा। हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू व मोर्चा के संरक्षक एवं अधिवक्ता रामकिशन काजल ने संयुक्त रूप से बताया कि पहले की भांति इस साल भी डॉ. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन करके सच्ची श्रद्धांजलि देंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. राज दिसोदिया प्रधान चिकित्सा अधिकारी भिवानी तथा विशिष्ट अतिथि बतौर बीईओ डॉ. आनंद कुमार शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक रामकिशन काजल तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू करेंगे। इस अवसर पर बनवारी नायक,दिनेश चौहान, सूबे दास, मोहन नम्बर दार, बलियाली, संदीप अधिवक्ता, मास्टर गुरनाम,बाबा जगदीश, रविदास मंदिर के पूर्व प्रधान रोशन लाल, हालिया प्रधान संतु सिंह, कुलदीप व महेंद्र काजल आदि मौजूद थे।

### लीगल लिटरेसी में 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया

भिवानी। खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रोग्राम का आयोजन गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी में किया गया। इस खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रोग्राम में खंड के 25 से ज्यादा स्कूलों ने भाग लिया व 250 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 10 इवेंट्स करवाई गई । पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस खंड स्तरीय लीगल लेटेस्ट प्रोग्राम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी डा.अनिल गौड़ के मार्गदर्शन में किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कानूनी साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। कानूनी साक्षरता कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार का सुपरविजन रहा। दसों प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया व अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल व तृतीय स्थान पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्राप्त किया। लेखन प्रतियोगिता में भिवानी पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगड़ाना ने द्वितीय व किरोड़ीमल पब्लिक स्कूल भिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रोग्राम में खंड के प्राचार्य व प्राध्यापकों ने जजों के रूप में निर्णायक भूमिका निभाई। प्राचार्य सीमा काटपालिया, डॉ रीमा परमार, रविंद्र वेद राजेश अत्रि प्रवेश गौतम हेमंत शर्मा अनिल हलवासिया डॉ मनोज व मंच संचालन प्रवक्ता दीपमाला ने किया।

### 5 को होगा आपकी पूंजी आपका अधिकार कार्यक्रम

भिवानी। जिला अग्रणी बैंक द्वारा भारत सरकार वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार पांच दिसंबर को सांस्कृतिक सदन में आपकी पूंजी-आपका अधिकार अभियान कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके साथ-साथ लघु फिल्म के माध्यम से नागरिकों को वित्तीय डिजिटल बारे जागरूक किया जाएगा। जिला अग्रणी बैंक की उप प्रबंधक राजवंती ने ये जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति का किसी बैंक में खाता है और वह 10 साल तक उस खाते में कोई लेन-देन नहीं कर रहा है तो उस स्थिति में उसके खाते में जमा राशि रिजर्व बैंक के पास चली जाती है। जो कि अनक्लेमड राशि कहलाती है। ऐसे खाता धारकों को उनकी उनक्लेमड राशि वापिस दिलवाने के लिए भारत सरकार वित्त मंत्रालय के वित सेवा प्रभाग द्वारा दिसम्बर माह तक विशेष अभियान आपकी पूंजी-आपका अधिकार की शुरुआत की गई है। इस अभियान में विभिन्न बैंकों एवं वितीय संस्थानों में अनक्लेमड राशि को उनके खाताधारकों को दावा करने एवं उन्हें राशि वापस प्राप्त करने के बारे में जागरूकता प्रदान की जाएगी। जिले में कार्य कर रहे सभी बैंकों के जिला अधिकारी, नियंत्रक अधिकारी, मुख्य बीमा कंपनियों, म्यूच्यूअल फण्ड, पेंशन फण्ड विभागों के अधिकारी भाग लेंगे।

### सैनी कल्याण परिषद की वार्षिक पत्रिका पर चर्चा

भिवानी। नेहरू पार्क के सामने स्थित शनि धर्मशाला में मंगलवार को सैनी कल्याण परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में समाज के प्रबुद्ध जनों और कार्यकारिणी के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा परिषद की आगामी गतिविधियों और वार्षिक पत्रिका के विमोचन पर केंद्रित रहा। प्रधान भूप सिंह सैनी ने बताया कि सैनी कल्याण परिषद की वार्षिक पत्रिका बनकर पूरी तरह तैयार हो चुकी है। इस पत्रिका में समाज द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत ब्योरा संकलित किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस पत्रिका का विमोचन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कर-कमलों द्वारा करवाया जाएगा। पत्रिका विमोचन के अलावा बैठक में 21 दिसंबर को मनाए जाने वाले महाराजा शूरसैनी जयंती समारोह को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। परिषद ने निर्णय लिया है कि इस भव्य कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रधान आजाद सिंह सैनी, चिरंजीलाल सैनी, हवा सिंह सैनी, राधेश्याम ठेकेदार, सुरेंद्र सैनी महासचिव, कोषाध्यक्ष राजकुमार सैनी, उप प्रधान ओमप्रकाश सैनी, शिवजी राम सैनी, अनूप लेक्चर सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें कक्षा छठी से कक्षा आठवीं तक के बच्चों ने प्रतिभागिता की। सर्वप्रथम कक्षा छठी की छात्रा हर्षिता व जीविका ने अपने ओजस्वी भाषण के माध्यम से कंप्यूटर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सर्वप्रथम 2 दिसंबर 2001 को कम्प्यूटर साक्षरता दिवस मनाया गया। तभी से प्रत्येक वर्ष 2 दिसंबर को धूमधाम से यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पहली पीढ़ी के कंप्यूटर का आविष्कार सन 1946 में हुआ। इस दौरान कक्षा छठी व आठवीं के विद्यार्थी वत्सल, साहिल, शिवम, भव्य, ईशान मेहता ने लघु नाटिका के माध्यम से तकनीकी कंप्यूटर के फायदे व नुकसान के बारे में बताया व कंप्यूटर पर आधारित प्रश्न भी पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक जवाब दिया गया। इस अवसर पर विज्ञान अध्यापिका दिव्या ने एनीमिया मुक्त हरियाणा पर बच्चों को बताया कि एनीमिया क्या होता है, इसका उपचार क्या है, इसके लक्षण क्या है? इससे बचाव के लिए हमें संतुलित आहार में कौन-कौन सी सब्जियों को शामिल करना चाहिए।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस धूमधाम से मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 13 दिसम्बर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

तोशाम। एसडीजेएमसी सुनील कुमार ने बताया कि हरियाणा स्टेट लीगल सर्विसेज अर्थॉरिटी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन कम जिला सत्र न्यायधीश डी आर चालिया व सचिव कम मुख्य न्यायिक दंडा अधिकारी पवन कुमार के दिशा निर्देश पर साल 2025 के लिए तय चौथी नेशनल लोक अदालत स्थानीय न्यायिक परिसर में 13.12.2025 को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में हालसा के मेंबर सेक्रेटरी और डीएलएसए भिवानी के डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज-कम-चेयरमैन के निर्देशा अनुसार 13.12.2025 को होने वाली नेशनल लोक अदालत में ज़्यादा से ज़्यादा मामलों के निपटारे के लिए अब हर कार्य दिवस पर दोपहर 02:30 पीएम से शाम 04:30 पीएम तक स्पेशल प्री लोक अदालत आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत की मुख्य विशेषताएं हैं कि यह स्वैच्छिक प्रक्रिया पर आधारित है, जिसमें विवाद का निर्णय कानूनी रूप से बाध्यकारी और अंतिम होता है, कोई अपील की अनुमति नहीं होती, और यह निःशुल्क होती है।

# चार गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकरों को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

■ चार वाटर टैंक ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को वितरित किए

जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व लोकसभा सांसद अजय सिंह चौटाला ने काकड़ौली सरदारा निवासी स्व. रतनसिंह की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा तैयार करवाए गए चार वाटर टेंकों को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को वितरण किए। पूर्व सांसद अजय सिंह चौटाला ने कहा कि काकड़ौली सरदारा निवासी स्व. रतनसिंह ने सदैव गरीब किसान गरीब तबके के हितों के लिए संघर्ष किया तथा अपनी नेक कमाई से जनसेवा की। उन्होंने गरीब परिवारों को पेयजल के लिए पानी की टंकी, स्कूल के लिए भूमि दान दी तथा उनकी स्मृति में उनके पुत्र जजपा अध्यक्ष विजय श्योराण व अन्य परिजनो ने चार ग्राम पंचायतों को पेयजल आपूर्ति के लिए लाखों रुपयें के वाटर टेंक करवाए गए हैं जो सराहनीय पहल है और हमें ऐसे सामाजिक परिवार बिरले ही मिलते हैं। इस अवसर पर स्व. रतनसिंह परिवार द्वारा तैयार करवाए गए चार वाटर टेंकों को हरी झंडी दिखाकर काकड़ौली सरदारा के सरपंच रणबीर सिंह, काकड़ौली हु1मी के सरपंच रमेश कुमार, उमरवास के सरपंच सूबेदार रामचंद्र श्योराण व काकड़ौली हठ्ठी के सरपंच इंदराज आदि ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को वितरण किए।

# दादा सांगू के जन्मोत्सव पर किया जाएगा प्रतिभाओं का सम्मान

■ प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए 8 दिसंबर तक आवेदन जमा करवाएं पात्र प्रतिभाएं : नर सिंह डीपीई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

सांगवान खाप के ऐतिहासिक दादा सांगू धाम खेड़ी बूरा में मंगलवार को खाप के प्रबुद्धजनों और विभिन्न कमेटियों की विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 10 दिसंबर को दादा सांगू के जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना था। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा, जिसमें खाप क्षेत्र की 36 बिरादरी की प्रतिभाओं का विशेष सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार प्रतिभा सम्मान समारोह का दायरा विस्तृत रखा गया है। इसमें सांगवान खाप क्षेत्र के 36 बिरादरी के बच्चों, देश-विदेश में रह रहे सांगवान समुदाय के बच्चों और सभी पात्र प्रतिभाएं अपना आवेदन 8 दिसंबर तक दादा सांगू धाम, खेड़ी बूरा में स्थित प्रतिभा चयन कमेटी के पास जमा करवा दें, ताकि समय रहते सूची को अंतिम रूप दिया जा सके।। सचिव नरसिंह डीपीई ने बताया कि वर्ष 2024-25 में हरियाणा बोर्ड या सीबीएसई से 10वीं और 12वीं कक्षा में 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। इसके अलावा, वर्ष 2017, 2018 व 2025 में सरकारी संस्थानों से एमबीबीएस, आईआईटी, आईआईएम पास करने वाले, तथा सरकारी विश्वविद्यालयों से स्नातक या स्नातकोत्तर में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शामिल हैं।

# सीबीएस मेमोरियल विद्यालय व वीडी स्कूल ने जीती ट्राफी, विजेताओं को किया सम्मानित

■ सीबीएस मेमोरियल स्कूल में स्कूली प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज,भिवानी

सीबीएस मेमोरियल स्कूल मोडी में एक भव्य इंटर स्कूल स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के 224 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

स्पर्धा आयु वर्ग के अनुसार लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग आयोजित की गई थी, जिसने रेस, रीले, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो आदि अलग अलग वर्ग की रही, जिससे सभी प्रतिभागी अपनी उम्र और क्षमता के अनुसार प्रतिस्पर्धा कर सकें। प्रतियोगिता का समापन समारोह अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इसमें संयुक्त ट्रॉफी सीबीएस मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व वीडी स्कूल के नाम रही। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं की खेल भावना और प्रतिभा की सराहना की। सुनील इंजीनियर ने खेलों के विकास के लिए सीबीएस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल को 2 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। यह राशि स्कूल में खेल सुविधाओं और उपकरणों के उन्नयन में उपयोग की जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और प्रतियोगिता की सफलता के लिए बधाई दी।



चरखी दादरी। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणवी संस्कृति को बचाए रखने की मुहिम छेड़े हुए हैं पपोसा के हरिकेश

# पगड़ी पहनाने की महारत ने हरिकेश को बुलंदियों पर पहुंचाया

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा

...जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का, फिर देखना फिजूल है कद आसमान का.... कुछ इसी प्रकार की इबारत लिखने में मशगूल है गांव पपोसा के हरिकेश। यूं तो पपोसा की सरजमीं पर जन्म लेने वाले हरिकेश पपोसा किसी परिचय के मोहताज नहीं है। पिता जगदीश राय व माता प्रेमदेवी के घर जन्मे चार भाइयों में तीसरे नंबर पर है, जिनका वर्ष 2004 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में लैब अटैंडेंट के पद पर चयन हुआ। उनकी खास पहचान है कि वे पिछले 25 वर्षों से पगड़ी के प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। इनकी पत्नी कमाली देवी स्वयं शिक्षिका हैं व एक पुत्र व एक पुत्री भी माता-पिता की पगडंडी पर चलने में प्रयासरत हैं। बेटी ने भी समाज को आइना दिखाने के लिए यू-ट्यूब पर अपनी प्रस्तुति से सभी को जागरूक करने का अभियान छेड़ा हुआ है।


बवानीखेड़ा। हरियाणवी संस्कृति को बनाए रखने व सामाजिक कार्यों में अहम योगदान के लिए सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### संस्कृति को मिले नई पहचान

हरिकेश पपोसा की मानें तो वे युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने और इसे बचाए रखने के लिए बार बार आह्वान करते हैं ताकि हरियाणवी संस्कृति को ऊंचाइयों तक ले जाया जा सके। इसी संस्कृति को लेकर बालीवुड कलाकारों द्वारा भी इनको सम्मानित किया गया। वहीं फिल्मी एक्टर यशपाल शर्मा ने भी इनको सम्मानित किया।

### सामाजिक कार्यों में सक्रिय

हरिकेश पपोसा चंद सैकड़ों में देखते ही देखते सिर पर पगड़ी पहनाने में महारत रखते हैं। इनके द्धरा समाज सेवा के क्षेत्र में पर्यावरण सुरक्षा, पोलिया उन्मूलन कार्यक्रम, सफाई स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, जल सेवा राष्ट्र विकास में युवाओं की भागीदारी पर कार्यक्रम, एड्स व नशे पर जागरुकता शिविर का आयोजन, राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग, अनेक राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रतिभागीता, वर्तमान में हरियाणवी संस्कृति का बढ़ावा देने के लिए पगड़ी का प्रचार प्रसार, हरियाणवी कविताएं, नाटक जो समाज में सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरुकता पैदा करती है, पानी से भरी टोकनी को दातों से उठाने की कला आदि शामिल है।

### यहां किया सम्मानित

हरिकेश पपोसा को कुरुक्षेत्र राहगीरी मंच, 1997 में गणतंत्र दिवस, 1998 में कॉलेज कलर रोल ऑफ रोल आर्फ ऑनर अवार्ड, 1999 में जिला सर्वश्रेष्ठ युवा अवार्ड, 2000 नेहरू येवा केन्द्र जिला सर्वश्रेष्ठ अवार्ड, 2001 खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग में, वर्ष 2002 में शिक्षा विभाग हिसार, 2004 में स्वास्थ्य विभाग हिसार, 2004 में राज्य सर्वश्रेष्ठ युवा अवार्ड, 2003 में भिवानी रेड क्रॉस, 2013 में ग्रीन आइडियल राज्य स्तरीय अवार्ड, 2015 में इंटरनेशनल युवा पुरस्कार, हरियाणा कला परिषद, हरियाणा लेखक का पुरस्कार सहित अन्य जगह सम्मानित किया। हालिया प्रेरणा वृद्ध आश्रम में जयभगवान सिंगला व रेणू के नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं।

## गीता जयंती के समापन अवसर पर हनुमान जोहड़ी धाम मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम

# जीवन में दीपक की तरह प्रकाश लाने का काम करती है 'गीता': महंत चरण

श्री कृष्ण द्वारा दिया गया गीता का उपदेश किसी एक व्यक्ति नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के लिए है


भिवानी। हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में दीप जलाते हुए। फोटो : हरिभूमि


भिवानी। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला में आयोजित तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का समापन सोमवार देर शाम स्थानीय हनुमान जोहड़ी धाम मंदिर में दीपोत्सव के साथ हुआ। मंदिर के महंत बाल योगी चरण दास के सानिध्य में बड़ी संख्या में महिला व नागरिकों ने गीता ज्ञान स्वरूपी दीप जलाए। दीपोत्सव के अवसर पर महंत चरण दास ने संदेश देते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत गीता एक ऐसे दीपक की तरह है जो जीवन में आंतरिक व बाह्य दोनों तरह से प्रकाश लाने का कार्य करती है। जिस प्रकार एक दीपक अंधकार को दूर करता है। उसी प्रकार से गीता ज्ञान को जीवन में धारण करने से उजाला होता है। दीपक की तरह ही गीता सही रास्ता दिखाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिया गया गीता का उपदेश किसी एक व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के लिए है। गीता को निरंतर पढने से मनुष्य को बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान नजर आ जाता है। उन्होंने दीपोत्सव के अवसर पर संदेश देते हुए कहा है कि हमें गीता में दिए गए उपदेश पर चलना चाहिए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा

**चरखी दादरी।** तीन दिवसीय गीता महोत्सव का कार्यक्रम सफलता के साथ संपन्न हो गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने सभी अधिकारियों सहित सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। उपायुक्त ने कहा कि सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं और शिक्षण संस्थानों सहित दादरी के लोगों के सहयोग से जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ है। इसके लिए जिला प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं, शिक्षण संस्थान और क्षेत्र के सभी नागरिक बधाई के पात्र हैं। गीता महोत्सव एक प्रशासनिक कार्यक्रम ना होकर जन मानस का कार्यक्रम है और इसी अनुसार आयोजन के दौरान जन भागीदारी देखने को मिली। उन्होंने कार्यक्रम की आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम योगेश सैनी, सीटीएम प्रीति रावत, डीआईपीआरओ संदीप हुड्डा और लेखा अधिकारी पंकज अरोड़ा को सफल आयोजन की बधाई दी है। कार्यक्रम समापन अवसर पर शहीद दलबीर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रांगण में बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसे देखने के लिए आस पास के लोगों की काफी भीड़ पहुंच गई।

### विवेकानंद हाई स्कूल के छात्रों को किया सम्मानित

**भिवानी।** अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य पर गीता मनीषी ज्ञानानंद एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति, सदाचारी शिक्षा समिति, श्री कृष्ण कृपा परिवार तथा जियो गीता के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम में विवेकानंद हाई स्कूल के अष्टादश गीता श्लोक पाठक विद्यार्थियों द्वारा अष्टादश गीता श्लोक उच्चारण किया गया। वही विवेकानंद हाईस्कूल के 31 विद्यार्थियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज व योग गुरु बाबा रामदेव के साथ ऑन लाइन हिन्दी और संस्कृत में मंच पर गीता पाठ किया। 11 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के तहत अष्टादश गीता श्लोक उच्चारण जन-जागरण अभियान के संयोजक अशोक भारद्वाज ने कहा कि 5दिसंबर तक गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में गीता जयंती महोत्सव रहेगा। जिसका समापन समारोह 8 दिसंबर को विवेकानंद सभागार में होगा। कुरुक्षेत्र से लाइव प्रसारण के साथ अष्टादश गीता श्लोक उच्चारण करने वाले विद्यार्थियों को भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ ,जिला पब्लिक रिलेशन ऑफिसर सुरेंद्र सिंगल, जिओ गीता व कृष्ण कृपा परिवार से नरेश आहूजा, कृष्ण कृपा परिवार से ओपी नंदवानी , वर्धमान ज्वैलर्स से एमडी सचिन जैन,खुशहाल ग्रोवर , विनोद छाबड़ा ,चंद्र प्रकाश और डॉक्टर विनोद अंचल ने 3100 का पुरस्कार, सॉल पटका, व स्मृति चिन्ह, व भगवान श्री कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया है।

# वैश्य कॉलेज की वार्षिक पत्रिका भवानी का किया विमोचन


भिवानी। पत्रिका का विमोचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- युवा राष्ट्र निर्माण के लिए देश की भावना से जुड़कर सहभागिता करते हुए बेहतर कार्य करें : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

युवा राष्ट्र निर्माण के लिए देश की भावना से जुड़कर सहभागिता करते हुए बेहतर कार्य करें क्योंकि युवा राष्ट्र निर्माण की अहम कड़ी है। यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी की वार्षिक पत्रिका भवानी का विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे भिवानी के उपायुक्त साहिल गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की पत्रिका ज्ञान का पिरामिड होती है, जिससे विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी मिलती है। उन्होंने युवा वर्ग को अपना लक्ष्य निर्धारण कर सामाजिक कार्यों में सहभागिता के साथ आगे बढ़ने की सीख दी। वैश्य महाविद्यालय भिवानी में महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका भवानी के सत्र 2024-25 का विमोचन भिवानी के उपायुक्त साहिल गुप्ता, भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता, वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. पवन बुवानीवाला, कोषाध्यक्ष बृजलाल सर्राफ,प्रबंध समिति की सदस्य सुनीता गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ.संजय गोयल, डीन एकेडमिक डॉ नरेंद्र सिंह, उपप्राचार्या प्रो. सविता जैन, पत्रिका की मुख्य संपादक डॉ. कामना कौशिक एवं संपादक मण्डल के अन्य सदस्यों द्वारा महाविद्यालय के सभागार में किया गया

#### अतिथियों का स्वागत

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की पत्रिका की मुख्य संपादक डॉ. कामना कौशिक एवं संपादक मण्डल के अन्य सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पत्रिका ज्ञान प्रतिभा व नवाचार का समागम है। मुख्य सम्पादक डॉ. कामना कौशिक, अंग्रेजी सेक्शन से सम्पादक डॉ. सरिता गोयल, स्वपोषित विभाग सेक्शन की संपादक डॉ. प्रोमिला सुहाग, हिन्दी सेक्शन से सम्पादक डॉ. अनिल तंवर, साइंस सेक्शन के सम्पादक डॉ. मोहनलाल, न्यूज सेक्शन से सम्पादक डॉ. पवन गुप्ता, संस्कृत सेक्शन के सम्पादक डॉ. विपिन गुप्ता रहे।

# विद्यार्थियों को बताया खेजड़ी वृक्ष का महत्व


**लोहारू।** लोहारू के मॉडल संस्कृति स्कूल परिसर में खेजड़ी बचाओ अभियान में शामिल स्टाफ व स्कूली विद्यार्थी।

- पूर्व वन अधिकारी कमल सिंह यादव ने छेड़ा खेजड़ी बचाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज >> लोहारू

वन विभाग के पूर्व रेंज अधिकारी कमल सिंह यादव ने कहा कि वृक्षों के लगातार दोहन के कारण जैव विविधता और ग्लोबल वार्मिंग में इजाफा हुआ है। आम लोगों को खेजड़ी जैसे वृक्षों के संरक्षण के लिए कदम बढ़ाने की जरूरत है। वे मंगलवार को स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा और प्राचार्य पूनम श्योराण ने कमल सिंह यादव के खेजड़ी बचाओ अभियान की सराहना की तथा विद्यार्थियों को इस अभियान के महत्व के बारे में बताया।

बीईओ विजय प्रभा ने बताया कि खेजड़ी वृक्ष काफी उपयोगी है तथा पौराणिक काल से हमारे पूर्वज इस वृक्ष का संरक्षण करते आ रहे हैं तथा वर्तमान में सरकार भी 75 वर्ष से अधिक पुराने खेजड़ी वृक्ष का संरक्षण करने वाले व्यक्ति को करीब तीन हजार रुपये की पेंशन दे रही है। उन्होंने विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों का भी जिक्र किया। प्राचार्य पूनम श्योराण ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया और कहा कि सभी बच्चों को पेड़, जल और जीवों का संरक्षण करना चाहिए।

#### 18 नवंबर को अभियान शुरू किया था

कमल सिंह यादव ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने 18 नवंबर को खेजड़ी बचाओ अभियान की शुरुआत गांव झुप्पा से की तथा उनका यह अभियान हरियाणा और राजस्थान के अनेक हिस्सों में चलाया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को ऋतु परिवर्तन, वन्य जीवों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के लिए बारे में विस्तार से बताया।

# जेठपुर गांव के सबसे बुजुर्ग दीपचंद भट्टी का 94 साल की उम्र में निधन

- सैकड़ों की संख्या में मौजिज ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी



जेठपुर (तैमूरपुर) गांव के सबसे बुजुर्ग दीपचंद भट्टी का मंगलवार अलसुबह सुबह 3:15 बजे निधन हो गया। वे 94 साल के थे और इस उम्र तक वे पूर्ण रूप से स्वस्थ थे। सुबह-शाम सैर करना उनकी दिनचर्या में शामिल था। ऊंची कद-काठी के व्यक्तित्व वाले दीपचंद के निधन की सूचना पर आसपास के गांवों से भी मौजिज और समाजसेवी लोग पहुंचे और उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। स्वर्गीय दीपचंद भट्टी अपने पीछे पोते-पड़पोते और नाती-नातिन का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके छह बेटे सतबीर सिंह, राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, बहादर सिंह, राजेश कुमार, राकेश कुमार के अलावा तीन बेटियां माया, शीला, निर्मला हैं। 10 पोते, 2 पड़पोते, 2 पड़पोती नाती-नातिन, पड़नातिन हैं। उनके बेटे राकेश कुमार भिवानी में वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में आदर्श इंस्टीट्यूट कैरू के खिलाड़ी छाए

हरिभूमि न्यूज >> तोशाम


तेशाम। प्रतिभागियों के साथ शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

आदर्श एजुकेशन इंस्टीट्यूट कैरू के खिलाड़ियों ने गत 28 नवंबर को धनाना पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता में अव्वल रहते हुए अपने इंस्ट्टियूट को गौरवान्वित किया। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक अजीत सिंह के नेतृत्व में खो-खो के अंडर-11 व अंडर-14 लड़कों व लड़कियों की आयोजित प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन के साथ अपने सभी मुकाबले एकतरफा जीते। शॉटपुट व लंबी कूद में भी दीक्षा, पलक, अंशिका व टीना ने बेहतर प्रदर्शन किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय पधारने पर आदर्श एजुकेशन इंस्ट्टियूट के चेयरमैन आर के बंगालिया ने विजेता खिलाड़ियों को मैडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास होता है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होने बताया कि अच्छे खिलाड़ी को कभी अपनी जीत पर घमंड नहीं करना चाहिए व हार मिलने पर कभी निराश नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति लगन और मेहनत का महत्व बताते हुए प्रेरित किया। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष राजरूप धानियाँ, उपप्राचार्य संजय जांगड़ा, कार्निडिनेटर रामफल सिंह व विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# श्रुति चौधरी के आवास पर 6 दिसंबर को रात्रि पड़ाव डालेंगी सैकड़ों आंगनबाड़ी कर्मी

- सरकार देश की लाखों आंगनबाड़ी कर्मीयों के साथ कर रही है धोखेबाजी

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

6 दिसम्बर को श्रुति चौधरी के आवास पर प्रदर्शन करके रात्रि पड़ाव डालेगी सैकड़ों आंगनबाड़ी कर्मी। परियोजना कर्मी विरोधी नीतियों के खिलाफ परियोजना कर्मीयों की तीनों फैडरेशनों के सयुक्त आह्वान पर 6, 7 व 8 दिसम्बर को आंगनबाडी, आशा व मिड डे मील कर्मी केन्द्रीय मंत्रियों व सांसदों के आवास पर प्रदर्शन करके पड़ाव डालने का निर्णय लिया हैं। यह प्रैस ब्यान जारी करते हुए आंगनबाडी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन हरियाणा, भिवानी जिला प्रधान राजबाला निनान व सचिव राजबाला शर्मा ने सयुक्त रूप से बताया कि देश व प्रदेश सरकार की आंगनबाडी कर्मी 6 दिसम्बर को पुराना बस अड्डा स्थित ठाकुर बीर सिंह पार्क भिवानी में इक्टठा होकर मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर जोरदार प्रदर्शन करेंगी। प्रदर्शन की तैयारियों के लिए सर्कल बैठक व गांव स्तर पर जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा हैं। आंगनबाडी कर्मीयों में सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ रोष बढ़ रहा हैं। जिसके खिलाफ 6 दिसम्बर के रोष प्रदर्शन में भारी संख्या में पहुंचकर दिखाई देगा।

यूनियन नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार देश की लाखों आंगनबाडी कर्मीयों के साथ बड़ी धोखेबाजी और उनकी मेहनत की लूट कर रही है। वर्ष 2025 में आईसीडीएस ने 50 वर्ष पूरे किए हैं। 45वीं भारतीय श्रम सम्मेलन द्वारा स्कीम वर्कर्स को नियमित करने, न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा की सिफारिश किए हुए एक दशक से अधिक समय बीत चुका है।

# बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली, जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

- सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पवन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी

दिव्यांगता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रयास स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली को सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पवन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का उद्देश्य समाज में दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान और समान अवसरों की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस दौरान सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए समाज को आगे रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिव्यांग बच्चों तक पहुंचाना आवश्यक है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। रैली में दिव्यांग बच्चों ने संदेश-पट्टिकाओं के माध्यम से संदेश दिया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और मूलभूत संसाधनों तक समान पहुंच प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति का अधिकार है। प्रयास स्पेशल स्कूल संचालिका संस्कृति जैन ने रैली के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल जागरूकता बढ़ती है, बल्कि दिव्यांग बच्चों का आत्मविश्वास भी मजबूत होता है।

#### समान अवसर प्रदान करने में भूमिका निभाएं

उन्होंने बताया कि रैली के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया है कि यदि समाज सकारात्मक सोच अपनाए और सहयोग के लिए तत्पर रहे तो दिव्यांगजन जीवन के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों, नागरिकों और संस्थाओं से आग्रह किया कि वे दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और उन्हें समान अवसर प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर एनके जैन, प्रवीण सिंगल, दिनेश गोयल और पवन जैन सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### महिला पुरस्कार के लिए 15 तक करें आवेदन

**भिवानी।** हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए महिलाएं 15 दिसंबर तक अपने आवेदन जमा करवा सकती हैं। ये पुरस्कार आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दिया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए 1.50 लाख रुपये, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये, लाइफ टाइम अचीवर्स पुरस्कार राशि 21 हजार रुपये व 51 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि समाजसेवी पुरस्कार, महिला उद्यमी पुरस्कार भी दिया जाएगा।

## पैतृक गांव बड़दू चैना में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# पुलिस कमिश्नर ने पिता की याद में लगाया रक्तदान शिविर

रक्तदान से किसी अनजान व्यक्ति की बचाई जा सकती है जान

हरिभूमि न्यूज >> भिवानी


भिवानी। छात्राओं को सम्मानित करते पुलिस कमिश्नर डॉ. राज श्री सिंह।

झज्जर जिले की पुलिस कमिश्नर एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. राजश्री सिंह जब अपने पैतृक गांव बड़दू चैना पहुंचीं तो गांव के गणमान्य व्यक्तियों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने पुष्प-गुच्छ भेंट करते हुए तथा स्मृति चिह्न देकर उनका सम्मान किया। माहौल भावनाओं और अपनत्व से भरा हुआ था, जहां लोगों ने अपनी लोकप्रिय और प्रशंसित अधिकारी का गर्व से स्वागत किया। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह अपने पिता स्वर्गीय श्री जयलाल कुरलवाल की 17वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में गांव पहुंचीं, जहां उन्होंने उनकी स्मृति में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शिविर में पहुंचे लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक महान दान है जो किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाने का माध्यम बनता है। कुछ क्षणों का दिया गया रक्त किसी परिवार के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से रक्तदान कर सामाजिक सद्भाव और मानवता की भावना को आगे बढ़ाएं। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी व्यक्तियों को डॉ. राजश्री सिंह ने स्वयं मोमेंटो और कंबल देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना और लोगों में सामाजिक सेवा की भावना और अधिक मजबूत हुई।

#### शिक्षा ही ऊंचाइयों पर ले जाती है

उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो जीवन को नई दिशा देती है। कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ पढ़ाई करें, सफलता आपका साथ अवश्य देगी।गांव बड़दू चैना में आयोजित कार्यक्रम न केवल एक यादगार क्षण था बल्कि सामाजिक सरोकार, मानवता और शिक्षा को बढ़ावा देने का सुंदर उदाहरण भी रहा। गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने कहा कि डॉ. राजश्री सिंह का गांव के प्रति यह लगाव और सेवा भावना सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर, कंबल वितरण और छात्र सम्मान कार्यक्रम ने पूरे गांव के माहौल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। इस दौरान रोहतास सरपंच,किशनलाल नंबरदार, सुरेंद्र मास्टर जी,दलवीर हेड मास्टर, संदीप काजल, राकेश संगवान, नरेश सोनी, निखिल कुमार, चाचा जयप्रकाश कुरूलवाल ,भीम सिंह, इंदर सिंह सहित भारी संख्या में व्यक्ति मौजूद रहे।


गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
सैक्स समस्याएं ऑनलाइन सलाह लें - 9728321662
ताकत का कोर्स लें Rs.750/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिलें (9 am to 7 pm)
पता: 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
YouTube/Facebook पर देखें/फॉलो करें-जुनेजा क्लीनिक भिवानी